प्रेस रिलीज 18 जुलाई 2013

तुरंत प्रकाशन हेतु

आईसीआईसीआई समूह ने उतराखण्ड बाढ़ राहत में 15 करोड़ रुपये का योगदान दिया

देहरादून: आईसीआईसीआई समूह ने आज उतराखण्ड मुख्यमंत्री राहत कोष में 15 करोड़ रुपये का योगदान दिया। आईसीआईसीआई बैंक की प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्रीमती चंदा कोच्चर उतराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री विजय बहुगुणा से मिलीं और उन्हें आपदा पीड़ित राज्य की सहायता करने के लिए चेक भेंट किया।

राज्य की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए चंदा कोच्चर ने बताया: "हमारे दिल में शोक संतप्त परिवारों और उन लोगों के लिए सहानुभूति है जिनके घर उतराखण्ड राज्य में आई प्राकृतिक आपदा के कारण छिन गए हैं। हम उन्हें याद करते हैं और उनके लिए प्रार्थना करते हैं। अब देश को उतराखण्ड का पुनर्निर्माण करना होगा और उन लोगों को निरंतर राहत पहुंचानी होगी जो अभी भी इस दुर्घटना के प्रभाव को झेल रहे हैं। आईसीआईसीआई समूह देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसके लिए उन लोगों को सहायता प्रदान की जा रही है जिन्हें सहायता की जरूरत है। यह सहायता हमारे स्वयं द्वारा और केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर प्रदान की जाती है।"

इस चंदे की राशि में आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इन्शोरेंस, आईसीआईसीआई लॉम्बार्ड जनरल इन्शोरेंस, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट, आईसीआईसीआई वेन्चर, आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज, आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज प्राइमरी डीलरशिप और आईसीआईसीआई फाउंडेशन के कर्मचारियों द्वारा दिया गया योगदान और कम्पनियों का स्वयं का योगदान भी शामिल है।

आईसीआईसीआई समूह: आईसीआईसीआई समूह कॉर्पोरेट और रिटेल ग्राहकों को बैंक उत्पादों और वित्तीय सेवाओं की एक व्यापक रेंज प्रदान करता है। ये उत्पाद और सेवाएं विभिन्न चैनलों और इसकी उन विशिष्ट समूह कम्पनियों और शाखाओं द्वारा प्रदान की जाती हैं जो व्यक्तिगत बैंकिंगए निवेश बैंकिंगए जीवन बीमा और सामान्य बीमाए परियोजना पूंजी और सम्पत्ति प्रबंधन के क्षेत्रों में कार्य करती हैं। शक्तिशाली ग्राहक आधार के साथ आईसीआईसीआई समूह कम्पनियों ने अपने संबंधित क्षेत्र में नेतृत्व के स्तर को बनाए रखा है और उसे बढाया है।

आईसीआईसीआई बैंक के बारे में: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक है और देश में दूसरा सबसे बड़ा बैंक है, जिसकी कुल जमा सम्पत्ति 31 मार्च 2013 को 124 मिलियन यूएस डॉलर है। आईसीआईसीआई बैंक की उपस्थिति भारत सहित 19 देशों में है।

Except for the historical information contained herein, statements in this release, which contain words or phrases such as 'will', 'would', etc., and similar expressions or variations of such expressions may constitute 'forward-looking statements'. These forward-looking statements involve a number of risks, uncertainties and other factors that could cause actual results to differ materially from those suggested by the forward-looking statements. These risks and uncertainties include, but are not limited to our ability to obtain statutory and regulatory approvals and to successfully implement our strategy, future levels of non-performing loans, our growth and expansion in business, the adequacy of our allowance for credit losses, technological implementation and changes, the actual growth in demand for banking products and services, investment income, cash flow projections, our exposure to market risks as well as other risks detailed in the reports filed by us with the United States Securities and Exchange Commission. ICICI Bank undertakes no obligation to update forward-looking statements to reflect events or circumstances after the date thereof.

For Press Queries:
Sujit Ganguli
Head – Corporate Communications and Brand
ICICI Bank Ltd.
Email - ganguli.sujit@icicibank.com